# Hindi Murli Quiz 08-10-2015

.

*Q.1)* **Q. “मीठे बच्चे-सबसे मीठा अक्षर -------है, तुम्हारे मुख से सदा ........----.......निकलता रहे, सबको शिव.......का परिचय देते रहो"**

**निम्नलिखित विकल्पों में से एक सबसे उपयुक्त शब्द से उपरोक्त चारों रिक्त स्थान भरें--**

A. ◉ बाबा
B. ○ ब्रह्मा
C. ○ शंकर
D. ○ पार्वती

*Q.2)* **Q. “सतयुग में कोई मनुष्य तो क्या जानवर भी रोगी नहीं होते हैं, क्योंकि संगमयुग पर बाबा सभी आत्माओं का और बेहद सृष्टि का ऐसा ऑपरेशन कर देते हैं, जो रोग का नाम-निशान ही नहीं रहता। बाप है अविनाशी सर्जन। अभी जो सारी सृष्टि रोगी है, इस सृष्टि में फिर दु:ख का नाम-निशान नहीं होगा।”**

A. ◉ सही
B. ○ गलत

*Q.3)* **Q. शब्दों / वाक्यों को उनके अर्थ अनुसार ही मिलाएं —**

| | Choice | Match |
|---|---|---|
| A | ज्ञान अमृत पिया तो फिर विष पी नहीं सकते। | अमृत पीने से तुम देवता बनते हो। |
| B | शिवबाबा कहते हैं हमेशा बाबा-बाबा कहना चाहिए। | ईश्वर वा प्रभू आदि अक्षर भूल जाने चाहिए। |
| C | बाप कहते हैं यह सृष्टि सारी सागर पर खड़ी है। | मनुष्य कहते हैं-नीचे एक बैल वा गऊ है जिनके सींग पर सृष्टि खड़ी है । |
| D | सतयुग में कोर्ट, जेल, पुलिस, चोर आदि होते नहीं । | यह सब हैं दु:ख की बातें, जो यहाँ होती हैं । |
| E | शिवबाबा की सन्तान हम सब भाई- भाई हैं । | ब्रह्मा की सन्तान हम सब भाई-बहन ठहरे। |

*Q.4)* **Q. केवल सही वाक्य ही टिक करें --**

A. ☐ बाप कहते हैं अभी मैं तुम बच्चों के पास आया हूँ, नयनों पर बिठाए ले जाता हूँ। तीसरा नेत्र नही,यह स्थूल नेत्र ।
B. ☐ इस समय बाप आये हैं - साथ ले जायेंगे। शिव की बरात नहीं, यह शंकर के बच्चों की बरात है।
C. ☑ कहते हैं शंकर ने पार्वती को अमरकथा सुनाई। तुम सब हो पार्वतियां। मैं हूँ कथा सुनाने वाला अमरनाथ।
D. ☑ विनाश होने में टाइम लगता है। कितनी बड़ी दुनिया है, कितने ढेर मकान आदि गिरकर खत्म होंगे। कितने मरते हैं।

**Explanation:** 1.बाप कहते हैं अभी मैं तुम बच्चों के पास आया हूँ, नयनों पर बिठाए ले जाता हूँ। यह नैन नहीं, तीसरा नेत्र।
2.इस समय बाप आये हैं - साथ ले जायेंगे। शंकर की बरात नहीं, यह शिव के बच्चों की बरात है।

*Q.5)* **Q. अर्थ अनुसार मैचिंग करके ही उपयुक्त शब्दों से रिक्त स्थान भरें ---**

| | Choice | Match |
|---|---|---|
| A | देहली परिस्तान बन जायेगी। एक ही परिस्तान में ---------- का राज्य चलता है। | लक्ष्मी-नारायण । |
| B | कितने बड़े-बड़े महल बनते होंगे। बेहद की ------- मिलती है। | जागीर । |
| C | वहाँ के फल-फूल भी देखते हो, कितने बड़े-बड़े होते हैं। तुम -------- पीकर आते हो। | शूबीरस । |
| D | वहाँ कितने थोड़े मनुष्य होंगे। कहाँ अभी इतने करोड़, कहाँ 9 ------ होंगे और सब कुछ तुम्हारा होगा। | लाख । |
| E | तुम जानते हो हम ब्रह्माकुमार-कुमारियाँ पुरूषोत्तम संगमयुगी हैं। बाकी जो भी हैं सब ------- हैं। | कलियुगी । |

*Q.6)* **-Q. स्वर्ग के विषय में बापदादा ने बहुत बातें बतायी हैं, उनमें से कुछ निम्नलिखित हैं। सभी सही बातें चयन / टिक करें ---**

- **A.** ☑ तुम्हारा छोटा झाड़ होगा।
- **B.** ☐ सतयुग में सदा अन्न मिलता रहेगा, परन्तु वहां अनाज बहुत महंगा होगा।
- **C.** ☑ देहली जितने तो एक-एक के घर और जमीन आदि होगी।
- **D.** ☑ मीठी नदियों पर तुम्हारा राज्य चलेगा।
- **E.** ☑ तुम आसमान, धरती आदि सबके मालिक रहते हो।

**Explanation:** सतयुग में सदा अन्न मिलता रहेगा और कितना सस्ता होगा।

*Q.7)* **Q. "तुम अभी कांटे से सोने के ------बन रहे हो ना। फिर तुम्हारा अवतरण होगा, ------- नहीं बरसते लेकिन तुम ------ बनकर आते हो। सोने के ------- तुम ऊपर से उतरते हो। मनुष्य समझते हैं सोने के ------- बरसते हैं।"**

**निम्नलिखित विकल्प में से एक सबसे उपयुक्त शब्द से उपरोक्त सभी पांच रिक्त स्थान भरें –**

- **A.** ◉ फूल
- **B.** ○ ओले
- **C.** ○ देवता
- **D.** ○ फ़रिश्ता

*Q.8)* **Q. आज की मुरली के अनुसार ही सही वाक्य चयन / टिक करें--**

- **A.** ☑ .सत के संग वापस जाना है इसलिए सदा सच्चा होकर रहना है, कभी भी झूठ नहीं बोलना है।
- **B.** ☑ हम ब्रह्मा बाबा के बच्चे आपस में भाई-बहन हैं, इसलिए कोई भी क्रिमिनल एक्ट नहीं करनी है।
- **C.** ☑ संगमयुग पर भाई-भाई और भाई-बहन के सिवाए और किसी सम्बन्ध का भान न रहे।
- **D.** ☐ अमृतबेला और मुरली कभी मिस नही करनी है।

**Explanation:** --यह डायरेक्शन आज की मुरली में नही है।

*Q.9)* **-Q. "स्थिति का आधार स्मृति है। यह शक्तिशाली स्मृति रहे कि ``मैं बाप का और बाप मेरा।'' तो इसी स्मृति से स्वयं की स्थिति शक्तिशाली रहेगी और दूसरों को भी शक्तिशाली बनायेंगे। जैसे स्विच आन करने से रोशनी हो जाती है, ऐसे यह स्मृति भी एक स्विच है। सदा स्मृति रूपी स्विच का अटेन्शन हो तो स्वयं का और सर्व का कल्याण करते रहेंगे। नया जन्म हुआ तो नई स्मृतियां हों। पुरानी सब स्मृतियां समाप्त-इसी विधि से सिद्धि स्वरूप का वरदान प्राप्त हो जायेगा।"**

- **A.** ◉ सही
- **B.** ○ गलत

*Q.10)* **Q. कृपया निम्नलिखित रिक्त स्थान भरें ---**
**"अतीन्द्रिय --------- की अनुभूति करने के लिए अपने शान्त स्वरूप स्थिति में स्थित रहो।"**

- सुख
- सूख
- शुख
- शूख
- SUKH
- SHUKH